# मूर्ति कला – कोड 051
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र*
# कक्षा -XII (2025-26)

**समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 30**

## सामान्य अनुदेश

- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प शामिल हैं।
- **खंड-क** में 8 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनमें प्रत्येक 1 अंक का है।
- **खंड-ख** में 5 प्रश्न छोटे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 2 अंक का है। (उत्तर लगभग 100 शब्दों में)
- **खंड-ग** में 3 प्रश्न लंबे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 6 अंक का है। (उत्तर लगभग 200 शब्दों में)

| संख्या | खंड-क | अंक |
|---|---|---|
| | **दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:** | |
| **1.** | उस छापा चित्र को पहचाने जिसमें कलाकार ने भारतीय समाज में विधवा स्त्री की दयनीय दशा को प्रदर्शित किया है।<br>a. देवी<br>b. दीवारों से सरोकार<br>c. बच्चे<br>d. आदमी औरत और पेड़। | **1** |
| **2.** | 'मारू रागिनी' प्रसिद्ध पेंटिंग में राजा और रानी को निम्न में से किस पर सवार दिखाया गया है:<br>a. घोड़ा<br>b. हाथी<br>c. बैलगाड़ी<br>d. ऊंट | **1** |
| **3.** | 'चांद बीबी पोलो खेलते हुए' लघुचित्र पेंटिंग किस चित्रकला शैली से संबंधित है?<br>a. राजस्थानी चित्रकला शैली<br>b. पहाड़ी चित्रकला शैली<br>c. मुगल चित्रकला शैली<br>d. दक्कन चित्रकला शैली | **1** |
| **4.** | अभिकथन A(ए): 'राम भरत चित्रकूट मिलाप' रामायण की कथा पर आधारित चित्र है।<br>कारण R(आर): इस पेंटिंग में '*रघुकुल रीति सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाए*' अर्थात वचन निभाने की रीति को सुंदरता से दिखाया गया है।<br>a. A(ए) और R(आर) दोनों सही है R(आर), A(ए) की सही व्याख्या है।<br>b. A(ए) और R(आर) दोनों सही है लेकिन R(आर), A(ए) की सही व्याख्या नहीं है।<br>c. A(ए) सही है R(आर) गलत है। | **1** |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | d. R(आर) सही है A(ए) गलत है। | |
| **5.** | 'कृष्ण गोवर्धन पर्वत उठाए हुए' पेंटिंग में किसको चित्र के मध्य दिव्य रूप में चित्रित किया गया है?<br>a. गोकुल वासियों को<br>b. गायों को<br>c. कृष्ण को<br>d. इंद्र को | **1** |
| **6.** | आपके पाठ्यक्रम की पेंटिंग सगे संबंधियों सहित नंद यशोदा और कृष्ण वृंदावन जाते हुए में 'कृष्ण' को किस रंग में चित्रित किया गया है?<br>a. सफेद<br>b. लाल<br>c. नीला<br>d. पीला | **1** |
| **7.** | अभिकथन A(ए): सोमनाथ होर जी ने अपने छापाचित्र 'बच्चे' के माध्यम से भुखमरी जैसी सामाजिक समस्या के प्रति हमारा ध्यान खींचा है।<br>कारण R(आर): इसमें इन्होंने कुपोषण को दर्शाने के लिए एक परिवार के बच्चों के सूजे हुए पेट एवं दुखी चेहरे दर्शाये हैं।<br>a. A(ए) और R(आर) दोनों सही है। R(आर), A(ए) की ही सही व्याख्या है।<br>b. A(ए) और R(आर) दोनों सही है, लेकिन R(आर) A(ए) की सही व्याख्या नहीं है।<br>c. A(ए) सही है लेकिन R(आर) गलत है।<br>d. R(आर) सही है लेकिन A(ए) गलत है। | **1** |
| **8.** | पहाड़ी लघु चित्रकला शैली के चित्र किस माध्यम में चित्रित किए गए हैं?<br>a. तेल रंग<br>b. पेस्टल रंग<br>c. जल रंग<br>d. एक्रिलिक रंग | **1** |
| | **खंड-ख** | |
| **9.** | (क) राग माला पर आधारित पहाड़ी शैली में, 'कृष्ण' को दिव्य चित्र के रूप में चित्रित किया गया है, और बड़ी-बड़ी आंखे तथा मोती जैसे आभूषण सहित सभी के चेहरे बनाए गए हैं।<br>i. कलाकृति पहचाने, पेंटिंग व चित्रकार का नाम बताएँ।<br>ii. इस पेंटिंग के सौंदर्यात्मक मापदंडों को संक्षिप्त रूप से वर्णित करें।<br>अथवा<br>i. उप-चित्रकला शैली व माध्यम पहचानें।<br>ii. इस पेंटिंग की विषय वस्तु को संक्षिप्त रूप में स्पष्ट करें। | **2** |
| **10.** | (क) मुगलकालीन शैली की प्रसिद्ध पेंटिंग जिसमें सम्राट का प्रिय पक्षी के प्रति प्यार और स्नेह प्रदर्शित है और जिसमें देवनागरी लिपि का अंकन है। | **2** |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | i. पेंटिंग और उसके चित्रकार का नाम लिखें।<br>ii. अपने शब्दों में पेंटिंग को संक्षेप में स्पष्ट करें।<br>**अथवा**<br>(ख) 'मुगल लघु चित्रकला पेंटिंग में शाही विवाह को दर्शाते हुए भीड़-भाड़ वाले दृश्य को शानो शौकत से संयोजित करने की प्रवृत्ति देखने को मिलती है।'<br>i. आपके पाठ्यक्रम के अनुसार उस चित्रकार और पेटिंग का नाम लिखें जिसमें उपर्युक्त दोनों विशेषताए एक साथ दिखाई देती हैं।<br>ii. सौंदर्यात्मक मापदंडों के आधार पर संक्षेप में इस पेटिंग को स्पष्ट करें। | |
| **11.** | समकालीन आधुनिक काल की इस मूर्ति में, एक परिवार के माध्यम से, समाज में व्याप्त गरीबी, पलायन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं को दर्शाया गया है<br>i. मूर्ति व इसके मूर्तिकार का नाम लिखें।<br>ii. संक्षेप रूप में स्पष्ट करें कि मूर्तिकार विषय वस्तु निरूपण में कहां तक सफल रहा है।<br>**अथवा**<br>**i.** भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में अंकित किसकिस रंग से हमें साहस व बलिदान-, शांति व विश्वास, शौर्य, विकास और समृद्धि और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता तथा निरंतर24 घंटे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है?<br>ii. समझाएं कि कैसे आपका ध्वज प्रेरित करता है और उच्च कोटि का नागरिक बनाने में सहायता करता है? | **2** |
| **12.** | (क) दक्कन शैली की एक प्रसिद्ध पेंटिंग में गुरु-शिष्य परंपरा को दर्शाया गया है।<br>i. पेंटिंग एवं उसके उपचित्रकला शैली का नाम बताएं<br>ii. पेंटिंग को संक्षिप्त रूप में स्पष्ट करे तथा बताएं कि इससे आपने कौन से दो मानवीय मूल्य ग्रहण किये?<br>अथवा<br>(ख) भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इस राजस्थानी पेंटिंग में महिलाओं की कोमलता और सशक्तिकरण को उजागर करने के लिए गहरे रंग की पृष्ठभूमि पर जीवंत रंगों का उपयोग किया गया है।<br>i. पेंटिंग को पहचाने और इसके कलाकार का नाम का उल्लेख करें।<br>ii. पेंटिंग के बारे में संक्षेप में बताएं और यह स्पष्ट करें कि किस प्रकार एक सशक्त महिला की सामर्थ्य में कोमलता को दर्शाया गया है। | **2** |
| **13.** | (क) बंगाल शैली के प्रसिद्ध कलाकार ने अपनी पेटिंग में वॉश और टेंपरा तकनीक का प्रयोग कर गुस्से से भरी खामोशी को चित्रित किया है, अपने पति की गोद में लेटी हुई पत्नी के निर्जीव शरीर के विनाशकारी क्षण के माध्यम से, हम दुख की भावनाओं, किसी को खोने के दर्द को महसूस कर सकते हैं।<br>i. पेंटिंग और इसके कलाकार का नाम पहचाने और उल्लिखित करें।<br>ii. इस पेंटिंग में उपयोग की गई रंग योजना का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कलाकृति की व्याख्या करें।<br>**अथवा** | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख)<br>i. प्रसिद्ध मूर्ति 'क्राईज़ अनहर्ड' के कलाकार तथा माध्यम पहचाने व लिखें<br>ii. इस मूर्ति के माध्यम से मूर्तिकार किस सामाजिक मुद्दे पर समाज का ध्यान आकर्षित करना चाहता है? | |
| | **खंड-ग**<br>**दिए गए विकल्पों में से <u>कोई दो</u> प्रश्न हल करें** | |
| **14.** | राजस्थानी चित्र के बारे में विस्तार से लिखें जिसमें राजकुमारी घोड़े पर सवार होकर खेल खेलती दर्शायी गई है।<br>i. पेंटिंग, इसके चित्रकार, उप-चित्रकला शैली का नाम बताएं और इस चित्र में कौन सा खेल दर्शाया गया है?<br>ii. चित्र को सौंदर्यात्मक मापदंडों के आधार पर स्पष्ट करें और बताएं कि कैसे कलाकार ने इसमें नारी सशक्तिकरण को दर्शाया है?<br>iii. आप इस पेंटिंग में कौन सी भावनाएं पहचान सकते हैं और इस पेंटिंग से संबंधित चित्रकला शैली की कोई दो चारित्रिक विशेषताएं भी लिखे? | **6** |
| **15.** | समकालीन आधुनिक काल में बनाई गई नोबेल पुरस्कार विजेता, समाज सेविका कार्यकर्ता की यह पेंटिंग जिसको नीले किनारे वाली सफेद साड़ी में दर्शाया गया है, इस चित्र में कोई चेहरा नहीं है और साड़ी की किनारे से माथे को ढके हुए उस चेहरे को नीरस गहरे रंगों में दर्शाया गया है।<br>i. पेंटिंग, इसके कलाकार का नाम, माध्यम एवं पेंटिंग में दर्शायी गई प्रसिद्ध महिला समाज सेविका का नाम बताएं?<br>ii. कलाकृति की व्याख्या करें और अपने दृष्टिकोण से उसके चरित्र के उन गुणों को लिखें जिन्हें कलाकार ने पेंटिंग में किसी भी चेहरे को न बनाकर दिखाने की कोशिश की है।<br>iii. चित्र में कौन सी भावनाएँ व्यक्त की गई हैं, और आप उनमें से कौन से गुण अपनाना चाहेंगे या उनसे सीखना चाहेंगे? | **6** |
| **16.** | पाठ्यक्रम के अनुसार, नीचे दर्शाई गई मूर्ति बहुमुखी मूर्तिकार ने बनाई है।<br>i. इस मूर्ति, इसके मूर्तिकार, माध्यम, तकनीक का नाम और मूर्ति में कितनी आकृतियाँ बनाई गई हैं, यह बताएं?<br>ii. इस मूर्ति के रचनात्मक विन्यास के आधार पर मूर्तिकार समाज को कौन सा संदेश देना चाहते हैं, इस बारे में विस्तार से समझाएं।<br>iii. यह मूर्ति किसकी विजय को दर्शाती है तथा इससे हमें क्या सीख मिलती है, इसे अपने शब्दों में समझाएं। | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| |  | |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।